बरेली, गुरुवार
8 मई, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

PAGE NO. II: TOP

# एक स्वर में सेना के शौर्य को सराहा

## शहर के सभी वर्गों के लोग बोले- पीओके पर कब्जा करने का यही सही वक्त

### गौरवान्वित करता है वायु सेना का आपरेशन सिंदूर



वायु सेना की ओर से मंगलवार रात को किया गया आपरेशन सिंदूर गौरवान्वित करता है। हमारी सेना और सरकार ने जो प्रतिबद्धता दिखाई, वो दूरगामी संदेश देता है कि जन की जान से खिलवाड़ करने वालों को सबक जरूर सिखाया जाएगा। हमारी सेना दुश्मनों को उनके घर के अंदर हमला करके सबक सिखाने में सक्षम है। भारतीय सेना के शौर्य पर सीना गर्व से चौड़ा करने के साथ ही हमें सरकार के बताए गए निर्देशों का पालन भी उतनी ही शिद्दत के साथ करना होगा। ऐसा करके हम अपने देश की सेना का सहयोग करके मनोबल ऊंचा करेंगे।

- **आदित्य मूर्ति**, सचिव, एसआरएमएस ट्रस्ट